

## गुस्ताखी माफ

कोई हो मेला कहीं, लेते सजा दुकान।
झटपट लगते बेचने, नेता-गण सामान।
नेता-गण सामान, कभी ना चूकें मौका।
कोई मेला मिले, लगा देते झट चौका।
कह साहिल कविराय, न लीडर रहे अकेला।
लेता सजा दुकान, कहीं हो कोई मेला।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 05 | FRIDAY 16-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### फिरोजगांधी मार्केट की तर्ज पर सब्जी मंडी के बाहर फुटपाथों पर भी हुए कब्जे, प्रशासन मुख

# सब्जी मंडी के बाहर निगम की जमीन पर वाहन खड़े करवा हो रही अवैध वसूली, वहीं मल्टीस्टोरी पार्किंग की बैक साइड करप्शन जोरों पर

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/14 जनवरी। लुधियाना के चुनिंदा पार्किंग ठेकेदारों पर नगर निगम इतना मेहरबान है कि वह चाहें जितने मर्जी नियम तोड़े, लेकिन न तो उन्हें रोका जाएगा और न ही उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। दो ताजे मामले लुधियाना की सबसे बड़ी जालंधर बाइपास स्थित सब्जी मंडी और नगर निगम जोन-ए के पास मौजूद मल्टीस्टोरी पार्किंग की बैक साइड़ के सामने आए है। चर्चा है कि मंडी के बाहर नगर निगम की जगह सड़क के फुटपाथों पर ही अवैध तरीके से जुगाड़ू रेहड़े व गाड़ियां खड़ी करके उनसे अवैध वसूली की जा रही है।

चर्चा है कि रोजाना इन जुगाड़ू रेहड़ों और गाड़ियों से 100 से 200 रुपए लिए जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि वह मंडी के बाहर सड़क निगम की है, वह ठेके में शामिल नहीं है। फिर ठेकेदार या कोई और कैसे वहां वसूली कर सकता है। अवैध वसूली आखिर कर कौन रहा है, यह चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ चर्चा है कि निगम जोन-ए के बाहर मल्टीस्टोरी पार्किंग की बैक साइड़ पर निगम की जमीन पर अवैध तरीके से गाड़ियां खड़ी कर उनसे रोजाना 500 से एक हजार रुपए की वसूली की जा रही है। अब देखना होगा कि क्या नगर निगम के आला अधिकारी और तहबाजारी टीम इस मामले में कोई एक्शन लेगी या अवैध वसूली करने वालों का साथ देकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगी।



### जल्द लिया जाएगा एक्शन



सब्जी मंडी के बाहर अवैध कब्जों की जानकारी नहीं है। जल्द इस पर एक्शन लिया जाएगा। किसी भी जगह पर अवैध कब्जे नहीं होने दिए जाएंगे और न ही किसी को अवैध वसूली करने की जाएगी।

### मल्टीस्टोरी पार्किंग की बैक साइड हो रहा बड़ा खेल

वहीं चर्चा है कि नगर निगम जोन-ए के बाहर मल्टीस्टोरी पार्किंग के पीछे नगर निगम की खाली पड़ी जमीन पर वाहन खड़े करवाकर उनसे रोजाना 500 से 1000 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। चर्चा है कि अकालगढ़ मार्केट, चौड़ा बाजार समेत अन्य बाजारों में वाहन चालक माल लोड करने के लिए आते हैं। जिसके चलते उनके वाहन मल्टीस्टोरी पार्किंग की बैक साइड निगम की जमीन पर खड़े करके उनसे अवैध वसूली की जाती है। वहीं पर लोग माल लाकर गाड़ी में लोड करके ले जाते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि जोन-ए निगम का मुख्य ऑफिस है। जहां निगम कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर, मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर समेत तमाम अधिकारी बैठते हैं। फिर भी वहां इस तरह की धांधली हो रही है।

### क्या अब आला अधिकारी व तहबाजारी टीम लेगी एक्शन

वैसे तो आए दिन निगम अफसरों और तहबाजारी टीम द्वारा अवैध कब्जे छुड़वाने के दावे कर वीडियो व प्रैस नोट जारी किए जाते हैं। अब देखना होगा कि इस मामले में अधिकारी व तहबाजारी टीम के अधिकारी कोई एक्शन लेगें या नहीं। वहीं चर्चा है कि अवैध कब्जे हटवाने में चर्चित इंस्पेक्टर विपिन हांडा भी मल्टीस्टोरी पार्किंग के नीचे बने दफ्तर में अक्सर बैठते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि वहीं कुछ दूरी पर अवैध वसूली होने की चर्चाएं है। अब देखना होगा कि इंस्पेक्टर विपिन हांडा सब्जी मंडी और पार्किंग की बैक साइड के अवैध कब्जे हटवा पाते हैं या नहीं।

### फुटपाथ पर वाहन खड़े करवा हो रही अवैध वसूली

चर्चा है कि सब्जी मंडी में रोजाना तड़के जुगाड़ू रेहड़े और कुछ माल ढोहने वाली गाड़ियों के चालक सब्जियां लेने के लिए आते हैं। उनकी तरफ से मंडी के बाहर सड़क और फुटपाथ पर ही वाहन खड़े करके सब्जियां वाहनों में भरी जाती है। उनसे रोजाना 100 से 200 रुपए लिए जाते हैं। यह वाहन 1-2 नहीं बल्कि सैकड़ों में आते हैं। जिसके हिसाब से रोजाना 20 से 30 हजार रुपए की अवैध वसूली हो रही है। हालांकि सड़क पर वाहन खड़े करने पर ट्रैफिक जाम भी होता है। लेकिन सरेआम वाहन चालक और अवैध वसूली करने वाले नियम तोड़ रहे हैं।

***फिरोजगांधी मार्केट की तर्ज पर मंडी में भी फुटपाथ कब्जाए...*** *एक तरफ जहां फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथों पर कब्जे किए हुए हैं, उसी तर्ज पर अब सब्जी मंडी में भी फुटपाथ कब्जा लिए गए हैं। फिरोजगांधी मार्केट में ठेकेदार द्वारा वाहन फुटपाथ पर खड़े करके अवैध वसूली की जा रही है। जबकि उसी तरह कुछ लोगों की और से मंडी के बाहर भी फुटपाथ कब्जे में लेकर वाहन खड़े करके अवैध वसूली शुरू कर दी गई है।*






# श्री अकाल तख़्त साहिब के समक्ष नतमस्तक हुए सीएम मान, बोले– सर्वोच्च सत्ता पर पूर्ण विश्वास, हर हुक्म सिर-माथे स्वीकार





अमृतसर, यूटर्न, 15 जनवरी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान आज एक विनम्र सिख के रूप में नंगे पांव श्री अकाल तख़्त साहिब के समक्ष उपस्थित हुए और सिखों की सर्वोच्च धार्मिक सत्ता के प्रति पूर्ण आस्था व्यक्त की। उन्होंने श्री अकाल तख़्त साहिब सचिवालय में जत्थेदार साहिब के समक्ष अपने पूर्व बयानों को लेकर विस्तृत स्पष्टीकरण दिया और दोहराया कि इस पावन संस्था की सर्वोच्चता को चुनौती देने की न तो उनकी कोई मंशा है और न ही औकात। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब समूचे सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था है और इसके हर हुक्म को वे सिर-माथे स्वीकार करते हैं। ह्लश्री अकाल तख़्त साहिब से आगे जो भी हुक्म होगा, वह मुझे मंजूर होगा,ह्व यह कहते हुए उन्होंने कहा कि आज यहाँ उपस्थित होकर उन्हें आंतरिक शांति, संतोष और गहरा सुकून मिला है। जत्थेदार साहिब के समक्ष पेश होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हुक्मानुसार एक सिख के रूप में अपनी बात रखी है। उनका बयान दर्ज कर लिया गया है और सिंह साहिबानों के साथ विचार-विमर्श के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब की सर्वोच्चता पर सवाल उठाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।

## विभिन्न इंडस्ट्रियल संस्थाओं के प्रतिनिधियों एडिशनल सीपी रुपिंदर सिंह से की मुलाकात



लुधियाना, यूटर्न, 15 जनवरी। आज विभिन्न व्यापार संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री रुपिंदर सिंह, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान उद्योग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल में इंदरजीत सिंह सोहल, सुखदयाल सिंह बसंत, चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, मनजीत सिंह देओल, अमरीक सिंह जैमल, भूपिंदर सिंह (एशिया क्रेन), गौरव सूद, दर्शन सिंह लोटे और हरविंदर सिंह सोहल शामिल थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने श्री रुपिंदर सिंह को उनकी नई तैनाती के लिए बधाई भी दी और उद्योग जगत से जुड़े विषयों पर सहयोग का भरोसा जताया।

# सड़क परियोजना से चार गांवों के किसान परेशान, लालडू में धरना

लालडू, यूटर्न, 15 जनवरी। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर सड़क परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं योजनाओं के तहत फोरलेन, सिक्सलेन और हाईवे तैयार किए जा रहे हैं, ताकि गांवों और शहरों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित हो सके। हालांकि, लालडू क्षेत्र में बन रही अंबालाझ्रशामली (अंबाला रिंग रोड) और अंबालाझ्रकाले अंब सड़क परियोजना ने चार गांवों के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जानकारी के अनुसार पंजाब के गांव खेलण, मालण, रजापुर और



जोधपुर के किसानों को नई सड़क से अपनी कृषि भूमि तक आने-जाने के लिए कोई पक्का रास्ता नहीं दिया गया है। जबकि अन्य गांवों की जमीनों के लिए अंडरपास या रास्ते उपलब्ध कराए गए हैं। खास बात यह है कि तीन प्रमुख सड़कों को जोड़ने वाला सर्कल भी गांव खेलण और रजापुर के पास स्थित है, इसके बावजूद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा यहां कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाया गया। किसानों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और पहले जो कच्चा रास्ता छोड़ा गया था, उसे भी अब बंद कर दिया गया है। इसके चलते पिछले करीब एक सप्ताह से चारों गांवों के किसान, साथ ही हरियाणा से सटे कुछ गांवों के लोग लालडू में धरने पर बैठे हुए हैं।

## जी.एच.जी. अकैडमी में करियर मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। जी.एच.जी. अकैडमी, कोठे बग्गू, जगरांव में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए करियर मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह सत्र जीवन जोत नर्सिंग इंस्टीट्यूट एवं एकजोत नर्सिंग इंस्टीट्यूट, जगरांव के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नर्सिंग एवं मेडिकल क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी और सही समय पर सही विषय चुनने के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने सत्र में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विशेषज्ञों के अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त की। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं करियर निर्माण के प्रति जी.एच.जी. अकैडमी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



# 'पंजाब की प्रगति पर प्रहार': केंद्र ने रोका संजीव अरोड़ा का विदेश दौरा, मंत्री बोले–यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने विदेश मंत्रालय (टएअ) द्वारा उनके यूनाइटेड किंगडम और इजराइल के आधिकारिक निवेश दौरे को बिना कारण बताए रद्द करने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने केंद्र के इस फैसले को ह्यदुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीयह्न करार देते हुए कहा कि यह पंजाब के आर्थिक विकास की राह में बड़ी बाधा है।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि जापान और दक्षिण कोरिया के पिछले सफल दौरों के बाद अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने पंजाब में गहरी रुचि दिखाई थी। इस प्रस्तावित दौरे का उद्देश्य वैश्विक निवेश को आकर्षित कर युवाओं के लिए रोजगार सृजन करना था। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि यह निर्णय राजनीतिक कारणों से लिया गया है, तो यह बेहद दुखद है। उन्होंने भारत सरकार से इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार करने की अपील की। मंत्री ने पंजाब की प्रगति के



आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 2022 से अब तक राज्य में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है, जिससे 5.2 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं। 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में पंजाब की रैंकिंग का हवाला देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र का यह असहयोग राज्य की प्रगति को नुकसान पहुँचाएगा, लेकिन पंजाब सरकार राज्य की समृद्धि के लिए अथक प्रयास जारी रखेगी।

प्रमुख बिंदु: पंजाब के निवेश दौरे पर टकराव

बिना कारण रोक: विदेश मंत्रालय (MEA) ने यू.के. और इजराइल के आधिकारिक दौरे के लिए मंजूरी देने से इनकार किया।

संजीव अरोड़ा का बयान: फैसले को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और राजनीतिक भेदभाव की आशंका जताई।

आर्थिक नुकसान: मंत्री के अनुसार, वैश्विक पहुंच रुकने से पंजाब के युवाओं के रोजगार के अवसर प्रभावित होंगे।

निवेश की रफ़्तार: वर्ष 2022 से अब तक पंजाब में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश और 5.2 लाख नौकरियां सृजित।

पिछली सफलता: जापान और दक्षिण कोरिया दौरों से निवेशकों ने पंजाब में दिखाई थी बड़ी दिलचस्पी।

पुरस्कृत राज्य: 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और 'स्टार्टअप' क्षेत्र में पंजाब को मिल चुका है केंद्र से सम्मान।



पेज 06 तू ही तू में प्रारम्भ हुआ श्री गुरु ग्रंथ साहब जी...

# दीप नगर की कॉन्सोल होजरी फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड, धुएं से दम घुटने के कारण एक कर्मचारी बेहोश

## दोपहर के समय भड़की आग; लाखों का कच्चा माल और स्वेटर जलकर राख, दमकल विभाग की 5 गाड़ियों ने पाया काबू

लुधियाना, यूटर्न, 15 जनवरी। शहर के घनी आबादी वाले दीप नगर इलाके में गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब 'कॉन्सोल गोयल होजरी मिल' नामक एक दो मंजिला फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी इमारत धुएं के काले गुबार से घिर गई, जिससे फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

**धूप सेक रहे थे मजदूर, तभी नीचे से आई बदबू...**हादसे के वक्त फैक्ट्री में मौजूद पीड़ितों ने बताया कि वे दोपहर का खाना खाने के बाद छत पर धूप सेक रहे थे। इसी दौरान नीचे की मंजिल से कुछ जलने की तेज बदबू आई। जब मजदूर नीचे उतरे तो देखा कि आग पूरी तरह फैल चुकी थी। भाग-दौड़ के बीच एक कर्मचारी अंदर ही फंस गया, जिसे बड़ी मुश्किल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, आग के जहरीले धुएं की चपेट में आने से अमीरी प्रसाद नामक कर्मचारी बेहोश हो गया, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

**करोड़ों का नुकसान, आग पर काबू पाने की मशक्कत...**फैक्ट्री में होजरी और सर्दियों के कपड़े तैयार किए जाते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2:15 से 2:30 बजे के बीच लगी इस आग में फैक्ट्री में रखा भारी मात्रा में धागा, स्वेटर और तैयार कच्चा माल जलकर पूरी तरह राख हो गया है।




### हादसे की मुख्य बातें

*फैक्ट्री का नाम: कॉन्सोल गोयल होजरी मिल, दीप नगर।*

*नुकसान: भारी मात्रा में धागा और होजरी का कच्चा माल राख।*

*हताहत: एक कर्मचारी (अमीरी प्रसाद) धुएं से बेहोश, अस्पताल में भर्ती।*

*राहत कार्य: दमकल की 5 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को फैलने से रोका।*

> “ हमें सवा दो बजे सूचना मिली थी। हमारी टीम 5 गाड़ियों के साथ तुरंत मौके पर पहुँची। फैक्ट्री की ऊपरी मंजिलों पर आग भीषण थी। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन आग लगने के असली कारणों की जांच की जा रही है। — **जसविंदर सिंह, फायर ऑफिसर**

# कंगनवाल स्थित फैक्ट्री में हादसा, मशीन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

## कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की



सुनील पांडेय

लुधियाना/ यूटर्न/ 15 जनवरी। कंगनवाल इलाके में काम करते समय एक फैक्ट्री कर्मचारी मशीन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह 7 बजे की है. कर्मचारी रात की ड्यूटी पर था और सुबह फैक्ट्री लौट रहा था। इस घटना के विरोध में फैक्ट्री के कर्मचारियों ने फैक्ट्री के बाहर धरना दिया. फैक्ट्री के मजदूरों और यूनियन नेताओं ने फैक्ट्री का गेट बंद कर दिया और नारेबाजी करने लगे. सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और कार्यकताओं से बात की. मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है. कर्मियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. पूर्वांचल समाज के अध्यक्ष राजपूत ने बताया कि फैक्ट्री में मशीन में फंसने से मजदूर रंजीत कुमार की मौत हो गयी. उन्होंने कहा कि इसे लेकर फैक्ट्री के कर्मचारी नाराज हैं. उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में मजदूरों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं । मृतक रंजीत कुमार करीब 35 साल का था और फैक्ट्री में बीसीएम ऑपरेटर था. वह मूल रूप से बिहार के शिवन जिले के रहने वाले थे। उनका परिवार गांव में रहता है और वह लुधियाना में अकेले रहते थे. वह दस साल से फैक्ट्री में काम कर रहा था। उनकी तीन बेटियां और एक बेटा है। पुलिस ने कार्यकताओं को आश्वासन दिया है कि वे मामले की जांच करेंगे और न्याय सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अब अगली कार्रवाई तय करने के लिए प्रबंधकों और कर्मचारियों के बीच बैठक कर रही है।

# विजिलेंस का जाल: जमीन के रिकॉर्ड के बदले रिश्वत लेते लैंड रिकॉर्ड विभाग का कर्मचारी रंगे हाथों गिरफ्तार

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को जारी रखते हुए जालंधर स्थित डायरेक्टर लैंड रिकॉर्ड विभाग के एक ठेका आधारित कर्मचारी परवेश को 4,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। आरोपी ने एक व्यक्ति से उसकी पैतृक जमीन के दस्तावेज उपलब्ध कराने और उनका अनुवाद करने के नाम पर मोटी रकम की मांग की थी।


**12 एकड़ जमीन के हक के लिए मांगी थी रिश्वत...**विजिलेंस प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई जिला एसबीएस नगर के गांव छोकरा निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई है। शिकायतकर्ता की पत्नी ने दसूहा अदालत में अपनी 12 एकड़ पैतृक जमीन के मालिकाना हक के लिए सिविल मुकदमा दायर किया था। इस केस की मजबूती के लिए उन्हें जमीन की अलॉटमेंट, जमाबंदी और पुराने रिकॉर्ड की प्रमाणित प्रतियों की सख्त जरूरत थी।



**गूगल पे और नकद के जरिए वसूले 18 हजार...**शिकायतकर्ता ने बताया कि बार-बार दफ्तर के चक्कर लगाने के बाद भी उसे रिकॉर्ड नहीं मिल रहा था। इसी दौरान आरोपी परवेश ने उससे संपर्क किया और रिकॉर्ड उपलब्ध कराने व उसका उर्दू से पंजाबी में अनुवाद करवाने के बदले 22,000 रुपये की डील तय की। आरोपी पहले ही गूगल पे और नकद के माध्यम से 18,000 रुपये ऐंठ चुका था, लेकिन वह बाकी बचे 4,000 रुपये के लिए काम AMXIYfE बैठा था।

# माया गार्डन सोसाइटी के टावर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

जीरकपुर, यूटर्न, 15 जनवरी। वीरवार सुबह करीब 10:45 बजे नंगला रोड स्थित माया गार्डन सोसाइटी में आग लगने की गंभीर घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार सोसाइटी के टावर जी-4 से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग लगने की पुष्टि हुई। धुआं देखते ही सोसाइटी में अफरा-तफरी मच गई और फ्लैटों में रहने वाले लोग घरों से बाहर निकल आए। आग की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग की चपेट में आने से टावर में बिछी बिजली की तारें पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जिससे कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। दमकल विभाग की तत्परता और समय रहते कार्रवाई के चलते आग को अन्य फ्लैटों तक फैलने से रोक लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ और न ही कोई व्यक्ति घायल हुआ।



> “ वीरवार सुबह 10 :45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर भेजा गया और करीब आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया गया। प्राथमिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है।
>
> राजीव शर्मा, फायर ऑफिसर, जीरकपुर

रस्म पगड़ी एवं उठाला

आपको बड़े दुःखी हृदय से सूचित किया जाता है कि
हमारी आदरणीय

श्रीमती नीलम टंडन जी

जो दिनांक 14-01-2026 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में जा विराजी हैं। उनकी रस्म पगड़ी एवं उठाला 16 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक प्राचीन गौशाला अभिषेक चोपड़ा हॉल, नजदीक डिवीजन नं 3, लुधियाना में होगी।



शोकाकुल परिवार

अशोक टंडन (पति)

विशाल टंडन- प्रिधी टंडन (पुत्र- पुत्रवधु) — सुभाष टंडन - किरण टंडन (जेठ - जेठानी)
मिन्नी रिहान- मनीष रिहान (बेटी- दामाद) — गुलशन टंडन - वीना टंडन (देवर - देवरानी)
सिम्मी मल्होत्रा- पवन मल्होत्रा (रिंकू) (बेटी- दामाद) — टायाना टंडन (पौत्री)
निधी सूद (बेटी) — पुष्कर रिहान UK, अयान सूद, सैम मल्होत्रा (दोहते)
नितिन टंडन, प्रतीक टंडन, चेतन टंडन (भतीजे) — आदिती UK, हिमांशी, जिविका (दोहतीयां)

टंडन, मल्होत्रा, रिहान, बहल, मग्गो, निझावन परिवार

K.L. ASHOKA KNITWEARS
GURU NANAK DEV NAGAR, LUDHIANA
M: 98146-01308, 98147-05393

Uturn Time 16 Jan 2026_Layout 2 15-01-2026 23:20 Page 4



# राणा बलाचौरिया हत्याकांड का बड़ा खुलासा: अक्टूबर से रची जा रही थी हत्या की साजिश, कोलकाता में दबोचे गए शूटर्स ने खोला पूरा नेटवर्क

मोहाली। पंजाब के चर्चित कबड्डी प्रमोटर कंवर दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की हत्या एक सोची-समझी और महीनों तक चली साजिश का नतीजा थी। पुलिस जांच में बड़ा खुलासा हुआ है कि राणा को मारने की योजना अक्टूबर महीने में ही तैयार कर ली गई थी।

हालांकि, उस समय गैंग अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया, लेकिन लगातार रेकी और प्लानिंग के बाद 15 दिसंबर को इस सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम दे दिया गया।पुलिस के मुताबिक सोहाना में आयोजित कबड्डी टूनार्मेंट के दौरान राणा बलाचौरिया को निशाना बनाया गया। हमलावरों ने मौके पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर उनकी हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि वारदात से पहले राणा की कई बार रेकी की गई थी। आरोपी अक्टूबर से दिसंबर के बीच चंडीगढ़, कालका, जीरकपुर और खरड़ के विभिन्न होटलों में ठहरते रहे और हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए थे।



इस हत्याकांड में बड़ा ब्रेकथ्रू तब मिला, जब पुलिस ने कोलकाता के हावड़ा रेलवे स्टेशन से दो शूटर्स समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे विदेश में बैठे कुख्यात गैंगस्टर बलविंदर सिंह उर्फ डोनी बल और अमरजीत सिंह उर्फ खब्बा के इशारों पर काम कर रहे थे।मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। हत्या की पूरी साजिश विदेश से ऑपरेट की जा रही थी और स्थानीय नेटवर्क के जरिए शूटर्स को ठिकाने, हथियार और लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया गया। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में आदित्य कपूर उर्फ मक्खन और उसके कुछ सहयोगी अभी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है और कई ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया जा चुका है।पुलिस के अनुसार राणा बलाचौरिया हत्याकांड में अब तक कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि एक बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है। जांच एजेंसियां इस पूरे गैंग नेटवर्क, फंडिंग और इंटरनेशनल लिंक को खंगालने में जुटी हुई हैं। पुलिस का दावा है कि आने वाले दिनों में इस केस में और बड़े खुलासे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# पूर्व एएजी की पत्नी की हत्या केस में बड़ा खुलासा: रिश्तेदारी में रची गई साजिश, तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

मोहाली, यूटर्न, 15 जनवरी। मोहाली में पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) कृष्ण कुमार गोयल की पत्नी अशोक कुमारी की नृशंस हत्या और लूट की गुत्थी पुलिस ने पूरी तरह सुलझा ली है। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद वारदात में शामिल सभी बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।एसएसपी हरमिंदर सिंह हंस ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्या की इस साजिश का मास्टरमाइंड घर में काम करने वाला नौकर नीरज सिंह था। उसे पुलिस ने एक जनवरी को ही दबोच लिया था। नीरज उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने सगे भाई राहुल सिंह और मौसी के बेटे नितिन के साथ मिलकर



इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। पुलिस ने दूसरे आरोपी राहुल सिंह को 7 जनवरी को गिरफ्तार किया था, जबकि तीसरे आरोपी नितिन को अब फतेहपुर से काबू किया गया है। तीनों आरोपियों के बीच पहले से आपसी साठगांठ थी और उन्होंने लूट की नीयत से हत्या की योजना बनाई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि नीरज सिंह गोयल परिवार के घर में घरेलू नौकर के तौर पर काम करता था और घर की गतिविधियों से पूरी तरह वाकिफ था। इसी जानकारी का फायदा उठाकर उसने अपने रिश्तेदारों को वारदात के लिए बुलाया।यह मामला थाना फेज-1 में कृष्ण कुमार गोयल के दामाद यतीराज सिंह के बयान के आधार पर दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने और चांदी के गहने भी बरामद कर लिए गए हैं।गौरतलब है कि 29 और 30 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात आरोपी पूर्व एएजी के घर में दाखिल हुए थे और लूट के दौरान अशोक कुमारी की हत्या कर दी गई थी। पुलिस का कहना है कि केस की गहन जांच जारी है और आने वाले दिनों में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

# घनी धुंध और प्रशासन की अनदेखी पड़ी भारी

## नेशनल हाईवे पर पलटा ट्रक, बाल-बाल बची चालक की जान



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। पंजाब में पड़ रही घनी धुंध के बीच सड़क सुरक्षा के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। बीती रात लुधियाना-फिरोजपुर मुख्य मार्ग पर जगरांव बिजली घर के सामने एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। यहां घनी धुंध और सड़क पर सुरक्षा निशानों की कमी के कारण एक अनियंत्रित ट्रक पलट गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन वाहन और माल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

### हादसे का कारण, धुंध या लापरवाही ?

घटना के संबंध में जानकारी देते हुए ट्रक चालक जगदीप सिंह ने बताया कि वह बीती रात करीब 12 बजे अमृतसर से डी.ओ.सी. (पशु आहार) लोड करके रायकोट की तरफ जा रहे थे। जब वह जगरांव में मुख्य मार्ग के पुल से नीचे उतरकर लिंक रोड के जरिए रायकोट की ओर मुड़ने लगे, तो घनी धुंध के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था।

### ड्राइवर का आरोप: न साइन बोर्ड, न ही सफेद पट्टी

चालक ने स्पष्ट किया कि गाड़ी की गति नियंत्रण में थी, लेकिन मोड़ पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी (NHAI) या संबंधित विभाग द्वारा न तो कोई साइन बोर्ड लगाया गया था और न ही सड़क के किनारों पर 'सफेद पट्टी' (White Marking) की गई थी। चालक ने कहा, ₹अगर सड़क पर सफेद पट्टी या मोड़ दशार्ने वाला बोर्ड होता, तो धुंध के बावजूद रास्ते का अंदाजा लग जाता। सड़क का किनारा न दिखने के कारण टायर नीचे उतर गया और भरी हुई गाड़ी पलट गई।

### प्रशासन पर उठे सवाल

हादसे में ड्राइवर सुरक्षित है, लेकिन ट्रक में लदी बोरियां सड़क पर बिखर गईं। यह हादसा सीधे तौर पर प्रशासन और सड़क रखरखाव कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। धुंध के मौसम में नेशनल हाईवे पर रिफ्लेक्टर और साइन बोड्र्स का न होना किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस लाइन में लगे रक्तदान शिविर में डीसीपी सृष्टि गुप्ता समेत 57 पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

अजीत झा

पंचकूला, यूटर्न, 15 जनवरी। समाज सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, पंचकूला पुलिस द्वारा आज पुलिस लाइन में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जीएमसीएच, सेक्टर-32 चंडीगढ़ की चिकित्सीय टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पुलिस अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर की शुरूआत खुद डीसीपी पंचकूला,



सृष्टि गुप्ता ने रक्तदान करके की, जिसके बाद एसीपी ट्रैफिक सुरेन्द्र सिंह समेत विभिन्न रैंकों के कुल 57 पुलिसकर्मियों ने स्वेच्छा से रक्त एकत्र करवाया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने सभी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# किसानों को ट्रैक्टर से जुड़ी हर सुविधा एक ही छत के नीचे मिलेगी: फार्मट्रैक एजेंसी के उद्घाटन पर बोले सरपंच हरप्रीत सिंह राजू

राज बब्बर

जगराओं, यूटर्न, 15 जनवरी। लुधियाना जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, आसान फाइनेंस और बेहतर सर्विस की सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में जगराओं-मोगा हाईवे पर फार्मट्रैक एवं एग्रीजॉन ट्रैक्टर की नई एजेंसी का भव्य शुभारंभ किया गया। एजेंसी का उद्घाटन करते हुए फार्मट्रैक कंपनी के डीलर एवं सरपंच श्री हरप्रीत सिंह राजू ने कहा कि किसानों को अब ट्रैक्टर से जुड़ी सभी सहूलतें एक ही छत के नीचे मिलेंगी। इस अवसर पर एजेंसी के मालिक हरप्रीत सिंह राजू और भूपिंदर सिंह राणा के साथ फार्मट्रैक ट्रैक्टर के सेल्स हेड कमलेश यादव ने सबसे पहले



श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश कर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात विधिवत रूप से एजेंसी का उद्घाटन किया गया और फार्मट्रैक ट्रैक्टर की तकनीकी खूबियों व किसानों के लिए इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

Uturn Time 16 Jan 2026_Layout 2 15-01-2026 23:20 Page 5



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 तहसीलदार मनमानी की वजह से रजिस्ट्रेशन...

# PGI चंडीगढ़ की पार्किंग में 'नो रेट, ओनली लूट'? वायरल वीडियो ने खोली ठेकेदारी व्यवस्था की पोल

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। देश के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में शुमार चंडीगढ़ के पीजीआई से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। इलाज के लिए तड़पते मरीज और उनके परिजनों के बीच पार्किंग में खुलेआम मनमानी वसूली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है। वीडियो में पार्किंग कर्मी तय दरों को दरकिनार कर वाहन चालकों से मनचाहा शुल्क वसूलते नजर आ रहे हैं।बताया जा रहा है कि दूर-दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीजों के परिजन पहले ही बीमारी, इलाज और ठहरने के खर्च से जूझ रहे हैं। ऐसे में पीजीआई परिसर की पार्किंग में इस तरह की अवैध




वसूली उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन गई है। लोगों का आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार नियमों को ताक पर रखकर लंबे समय से मनमर्जी की दरें वसूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर नाराजगी साफ देखी जा रही है। लोग पीजीआई प्रशासन के साथ-साथ चंडीगढ़ प्रशासन से भी तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। कई यूजर्स ने सवाल उठाया है कि जब संस्थान के भीतर ही मरीजों के साथ इस तरह का शोषण हो रहा है, तो जवाबदेही किसकी बनती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पीजीआई जैसी संवेदनशील जगह पर पार्किंग




व्यवस्था का पारदर्शी होना बेहद जरूरी है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस मामले में ठेकेदार पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा। वायरल वीडियो ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या मरीजों की मजबूरी से होने वाली इस लूट पर अब कोई सख्त लगाम लगेगी या नहीं।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 38 लाख की साइबर ठगी का भंडाफोड़

## चंडीगढ़ पुलिस ने फर्जी CBI-मुंबई पुलिस गैंग के 6 सदस्य दबोचे, चेन्नई से संचालित हो रहा था नेटवर्क

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। चंडीगढ़ साइबर सेल ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर 38 लाख रुपये की हाई-प्रोफाइल साइबर ठगी का खुलासा करते हुए फर्जी उइकऔर मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर लोगों को डराने वाले संगठित गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह एक दंपती को मनी लॉन्ड्रिंग के फर्जी केस में फंसाने की धमकी देकर दो दिन तक मानसिक दबाव में रखता रहा और उनसे RTGS व चेक के जरिए बड़ी रकम ट्रांसफर करवा ली।

### चेन्नई से चल रहा था ठगी का कंट्रोल रूम

साइबर सेल की एसपी गीतांजली ने बताया कि जांच में सामने आया है कि पूरे नेटवर्क का संचालन चेन्नई से हो रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के बाद टीम ने चेन्नई में छापा मारकर मुख्य साजिशकर्ता फजल रॉकी को उसके किराए के कमरे से गिरफ्तार किया। मौके से मोबाइल फोन, लैपटॉप, बैंक पासबुक और चेकबुक बरामद किए गए। जांच में यह भी उजागर हुआ कि फजल रॉकी टेलीग्राम के जरिए विदेशी संपर्कों—जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं—से जुड़ा हुआ था। कार्रवाई डीएसपी वेंकटेश की निगरानी में साइबर सेल इंचार्ज इंस्पेक्टर इरम रिजवी के नेतृत्व में की गई।



### वर्दी, फर्जी वारंट और वीडियो कॉल से रचा गया डर का जाल

पीड़ित कृष्ण चंद के मुताबिक, 7 जनवरी की शाम उनके मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया और कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है, गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। इसके बाद वॉट्सऐप वीडियो कॉल पर पुलिस वर्दी में बातचीत हुई, फर्जी वारंट भेजे गए और बैकग्राउंड को थाने जैसा दिखाया गया। कुछ देर बाद खुद को उइक डायरेक्टर बताने वाले व्यक्ति ने भी धमकाया।

### दो दिन की 'डिजिटल निगरानी', 38 लाख ट्रांसफर

7 जनवरी की शाम से 8 जनवरी की शाम तक ठगों ने लगातार कॉल और वीडियो कॉल के जरिए दंपती पर नजर रखी। कॉल काटने पर कार्रवाई की धमकी दी गई। भय और दबाव में आकर पीड़ितों ने अपने केनरा बैंक खाते से RTGS और चेक के जरिए कुल 38 लाख रुपये बताए गए खातों में ट्रांसफर कर दिए। रकम मिलते ही ठगों ने संपर्क तोड़ दिया।

**USDT क्रिप्टो में बदली जाती थी ठगी की रकम...**पुलिस के अनुसार, ठगी से प्राप्त धन पहले बैंक खातों से चेक के जरिए निकाला जाता और फिर उसे क्रिप्टोकरेंसी USDT में बदल दिया जाता था। हर लेन-देन पर गिरोह के सदस्यों को कमीशन मिलता था। USDT के आगे ट्रांसफर के निर्देश चेन्नई से फजल रॉकी देता था।

**पहली गिरफ्तारी चंडीगढ़ से, महिला खाते से निकले थे 4.50 लाख...**बैंकों से केवाईसी और खातों के विवरण के आधार पर पता चला कि 8 जनवरी 2026 को चंडीगढ़ के एक खाते से 4.50 लाख रुपये चेक के जरिए निकाले गए। यह खाता फाजिल्काझफिरोजपुर क्षेत्र की निवासी वीना रानी के नाम पर था। तकनीकी सर्विलांस से लोकेशन ट्रेस कर सेक्टर-32 से उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कमीशन के बदले ठगी की रकम निकालकर साथियों को सौंपने की बात कबूल की।

**सेक्टर-45 और बुड़ैल से और गिरफ्तारियां...**वीना की निशानदेही पर साइबर सेल ने सेक्टर-45 और बुड़ैल में छापेमारी कर धर्मिंदर सिंह उर्फ लड्डी, सुखदीप सिंह उर्फ सुख और सतनाम सिंह को पकड़ा। इनके खुलासे पर मुकेश उर्फ प्रिंस को भी बुड़ैल से गिरफ्तार किया गया, जो रकम को क्रिप्टो में बदलने की भूमिका निभाता था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वीना रानी, सतनाम सिंह, सुखदीप सिंह उर्फ सुख, धर्मिंदर सिंह उर्फ लड्डी, मुकेश उर्फ प्रिंस और फजल रॉकी के रूप में हुई है।

### समय रहते बड़ी राशि होल्ड, जांच जारी

शिकायत मिलते ही सेक्टर-17 साइबर सेल ने एफआईआर दर्ज कर बैंकों से समन्वय कर बड़ी रकम को समय रहते होल्ड कराया। आरोपियों से मोबाइल, लैपटॉप, नकदी, बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक, पासबुक, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और आभूषण बरामद किए गए हैं। सभी डिजिटल साक्ष्य साइबर फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हैं। पुलिस का कहना है कि नेटवर्क देशभर में सक्रिय हो सकता है और आगे और गिरफ्तारियां संभव हैं।

# स्टोर की सुरक्षा करने वाले ही बने चोर, पंचकूला पुलिस ने 2 सिक्योरिटी गार्ड को किया गिरफ्तार



पंचकूला, यूटर्न, 15 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने सेक्टर-8 स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार में हुई सामान की चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए दो सुरक्षा गार्डों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों की पहचान साहिल चौहान और पीयूष के रूप में हुई है, जो मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के लिए रिमांड हासिल किया है और चोरी का सामान बरामद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 9 जनवरी को जीरकपुर निवासी एक शिकायतकर्ता, जो सेक्टर-8 स्थित रिलायंस स्मार्ट बाजार के स्टोर का मालिक है, ने पुलिस को चोरी की शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनके स्टोर पर तैनात दो सुरक्षा गार्ड पिछले काफी समय से धीरे-धीरे स्टोर से सामान चोरी कर रहे थे। आंतरिक मिलान के दौरान स्टोर से करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान गायब पाया गया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-7 में चोरी का मामला दर्ज किया गया। जांच अधिकारी अमनदीप ने मामले की छानबीन करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। पहले आरोपी साहिल चौहान (निवासी हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश, हाल किरायेदार मनीमाजरा) को 10 जनवरी को गिरफ्तार किया। 11 जनवरी को उसे कोर्ट में पेश कर 5 दिन का पुलिस रिमांड लिया गया। साहिल से पूछताछ के दौरान इस वारदात में शामिल उसके साथी पीयूष का नाम सामने आया, जो उसी स्टोर में सुरक्षा गार्ड था। पुलिस ने 14 जनवरी को पीयूष को उसके पैतृक निवास हमीरपुर से गिरफ्तार कर लिया। आज दूसरे आरोपी पीयूष को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने एक दिन का रिमांड हासिल किया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से यह पता लगाएगी कि वे चोरी किया हुआ सामान किसे बेचते थे। पुलिस का मुख्य उद्देश्य चोरी हुए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी करना और इस नेटवर्क में शामिल अन्य खरीदारों को गिरफ्तार करना है। वहीं, पहले आरोपी साहिल चौहान को रिमांड अवधि पूरी होने के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारियों का इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त होना गंभीर विषय है और पुलिस आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित कर रही है।

# बहुजन समाज पार्टी हलके जगरांव की हुई विशेष मीटिंग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। बहुजन समाज पार्टी विधान सभा हलके जगरांव की एक खास मीटिंग जिला लुधियाना ग्रामीण के अध्यक्ष परगन



बिलगा की अध्यक्षता में BSP के हलके ऑफिस सांझ रेस्ट हाउस में हुई जिसमें अलग-अलग नेताओं ने BSP की मजबूती के लिए अपने विचार रखे और पार्टी की मजबूती के लिए इलाके में डटकर खड़े होने की तैयारी की। इस मौके पर बिलगा ने इलाके के नियुक्त पदाधिकारियों को टारगेट दिया कि वे आने वाले 15 दिनों में पूरे हलके के गांव को गांव की संख्या के हिसाब से बांटकर उन गांव में यूनिट बनाकर रिपोर्ट दें। इस मौके पर हलका अध्यक्ष रछपाल सिंह गालिब की मांग पर पूरी टीम ने केक काटकर इरढ सुप्रीमो बहन मायावती जी का जन्मदिन मनाया और हाईकमान को भरोसा दिलाया गया कि लोकल लीडरशिप दिए गए टारगेट को पूरी लगन से पूरा करेगी। इस मौके पर हलका इंचार्ज हरजीत सिंह लीला, सरदार लक्ष्मण सिंह, बसपा नेता लखबीर सिंह, सुखचैन सिंह, जसपाल सिंह, जगदेव सिंह, फौजी सुखविंदर सिंह, रसूलपुरी, महिंदर सिंह, कुलवंत सिंह आदि नेताओं ने अपने विचार रखे और बसपा की मजबूती के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## Happy birthday



Bitesh Goel ji

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Consumer Complaint में Compensation कैसे तय होती है?

Consumer Court में शिकायत दर्ज करने वाले ज्यादातर लोगों का सबसे आम सवाल होता है—'हमें कितना मुआवजा (Compensation) मिलेगा?' कई लोग यह मान लेते हैं कि कोर्ट वही राशि दे देगा, जो शिकायत में लिख दी गई है।

लेकिन सच्चाई यह है कि Consumer Court भावनाओं पर नहीं, बल्कि नुकसान, प्रमाण और परिस्थितियों के आधार पर Compensation तय करता है।

सबसे पहले Court यह देखता है कि उपभोक्ता को वास्तव में क्या नुकसान हुआ है। यह नुकसान आर्थिक भी हो सकता है—जैसे खराब उत्पाद, अधूरी सेवा, Insurance Claim का गलत rejection या पैसे की सीधी हानि। इसके साथ-साथ मानसिक परेशानी, तनाव और अनावश्यक भागदौड़ को भी Court ध्यान में रखता है, बशर्ते उसका आधार रिकॉर्ड से स्पष्ट हो।

Compensation तय करते समय Court यह भी देखता है कि सेवा देने वाली कंपनी की गलती कितनी गंभीर थी। क्या यह साधारण लापरवाही थी या जानबूझकर किया गया कृत्य? क्या शिकायत को समय पर सुलझाया जा सकता था, लेकिन उसे टाला गया? ऐसे तत्व मुआवजे की राशि को प्रभावित करते हैं।

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि Consumer Court 'सजा' देने के लिए Compensation तय नहीं करता। इसका उद्देश्य उपभोक्ता को उसकी स्थिति में वापस लाना होता है—जहाँ वह गलत सेवा के बिना होता। इसलिए बहुत ज्यादा या अव्यावहारिक माँगें अक्सर Court द्वारा कम कर दी जाती हैं, भले ही शिकायत सही क्यों न हो।

Court यह भी देखता है कि उपभोक्ता ने अपने नुकसान को साबित करने के लिए कौन-से दस्तावेज दिए हैं—बिल, पत्राचार, ई-मेल, रिपोर्ट आदि। बिना प्रमाण के केवल अनुमान के आधार पर भारी Compensation मिलना कठिन होता है।

निष्कर्ष: Consumer Complaint में Compensation कोई तय फार्मूला नहीं, बल्कि न्यायिक विवेक का परिणाम होता है। सही दस्तावेज, वास्तविक नुकसान और स्पष्ट प्रस्तुति—यही मुआवजे की मजबूत नींव है। जागरूक उपभोक्ता वही है जो भावनाओं के बजाय तथ्यों के साथ अपनी बात रखता है।

## तू ही तू में प्रारम्भ हुआ श्री गुरु ग्रंथ साहब जी का अखंड पाठ



चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। माता राम बाई चैरिटेबल ट्रस्ट राम दरबार चंडीगढ़ द्वारा सूफी संत बाबा रूकनुद्दीन (कुंडे वाली सरकार) का 66वां और मर्द-ए-कलन्दर जन्नतनशीन पूजनीय माता राम बाई जी अम्मी हुजूर शहंशाह का 43वां उर्स-ए-मुबारक एवं सर्वधर्म समागम का श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजन किया जा रहा है, जो 20 जनवरी तक चलेगा।

सर्वधर्म समागम के तहत आज यहाँ श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के अखंड पाठ का शुभारम्भ हुआ, जबकि पंडित हरि कृष्ण जी, चण्डीगढ़ वालों ने आज दूसरे दिन भी श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया। श्री गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ का भोग 17 जनवरी को तथा श्रीमद्भागवत कथा का भोग 20 जनवरी को पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि अपनी कदीमी रिवायत के मुताबिक यह आयोजन तू ही तू, राम दरबार में शहजादा पप्पू सरकार जी (गद्दीनशीन) की रहनुमाई में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस जानकारी को साझा करते हुए संस्था के प्रवक्ता तेजिंदर चौहान, जो हर वर्ष दुनिया के सबसे बड़े रावण दहन कार्यक्रम के आयोजन के लिए जाने जाते हैं, ने बताया कि सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के दौरान अनेक धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें श्रीमद्भागवत कथा, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ एवं शब्द कीर्तन, श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ, तथा पंजाबी सूफी महफि ल और शब-ए-सूफि याना आदि कार्यक्रम शामिल हैं।

## महिला शाखा द्वारा लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष पर मूंगफली, रेवड़ी, गच्चक आदि वितरण की जाएगी: रमा जैन



लुधियाना, यूटर्न, 15 जनवरी। महिला शाखा भगवान महावीर सेवा सोसाइटी की ओर से लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के उपलक्ष पर जरूरतमंद परिवारों को रेवड़ी, मूंगफली, गजक और अन्य सामग्री वितरण करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन जैन स्थानक, सिविल लाइन में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक महामंत्र नवकार के उच्चारण के बाद महिला शाखा सह कोषाध्यक्ष रमा जैन ने बताया आज यह सामान जरूरतमंद इलाकों में जरूरतमंद परिवारों में भिन्न-भिन्न जगह पर वितरण किया जाएगा, पिछले 10 वर्षों से निरंतर मानव सेवक क्षेत्र में अनगिनत सेवा के प्रकल्प महिला शाखा के अंतर्गत भगवान महावीर सेवा संस्थान के सहयोग से किए जा रहे हैं और यह सेवा की श्रृंखला दिन प्रतिदिन बढ़ाने का संकल्प है महिला शाखा का, इस मौके पर भगवान महावीर सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष राजेश जैन ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की समस्त देशवासियों को बधाई देते हुए कहा आज का दिन मांगलिक दिन है एक दूसरे को सहयोग करने का दिन है अच्छे कार्य करने का दिन है तो क्यों ना इस दिन पर उन परिवारों को भी सहयोग दिया जाए।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या हम फिर से एक नए युद्ध की तरफ बढ़ रहे हैं?

हाल ही में एक आतंकवादी द्वारा हिंदुओं को धमकी दिए जाने की खबर ने समाज को गहरी चिंता में डाल दिया है। ऐसी घटनाएँ केवल किसी एक समुदाय को नहीं, बल्कि पूरे देश की शांति और एकता को चुनौती देती हैं। आतंकवाद का उद्देश्य डर फैलाना, समाज को बाँटना और अस्थिरता पैदा करना होता है। जब किसी विशेषधार्मिक समुदाय को निशाना बनाया जाता है, तो सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुँचाने का प्रयास होता है। वर्तमान वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियों में, इस तरह की धमकियाँ यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या हम एक नए प्रकार के संघर्ष या युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। हालाँकि, युद्ध केवल हथियारों से नहीं लड़े जाते, बल्कि विचारधाराओं, अफवाहों और नफरत से भी समाज को तोड़ा जाता है। यही कारण है कि ऐसी घटनाओं को नई जंग का अलार्म कहा जा रहा है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे सख्त कदम उठाएँ और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही, आम जनता का भी दायित्व है कि वे अफवाहों से बचें औरआपसी भाईचारे को बनाए रखें। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। इसका जवाब हिंसा नहीं, बल्कि एकता, जागरूकता और शांति से देना ही सबसे सही मार्ग है।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए 155 सैनिकों की सूची की सार्वजनिक, बाद में हटाई; भारतीय एजेंसियों ने किया विश्लेषण




चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। पाकिस्तान ने कथित तौर पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए अपने 155 सैनिकों की एक सूची गलती से इंटरनेट पर सार्वजनिक कर दी, जिसे बाद में हटा लिया गया। हालांकि, सूची हटाए जाने से पहले भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसे हासिल कर उसका विश्लेषण कर लिया। इस घटनाक्रम की पुष्टि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने की।

जनरल द्विवेदी ने बताया कि पाकिस्तान के अपने डेटा से उसे भारी नुकसान उठाने की पुष्टि होती है। उनके अनुसार, सूची में शामिल लगभग 100 सैनिकों के बारे में भारतीय एजेंसियों का अनुमान है कि वे लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) और इंटरनेशनल बॉर्डर (IB), जम्मू-कश्मीर सेक्टर में फायरिंग के दौरान मारे गए थे। उन्होंने कहा कि अगस्त के मध्य में यह सूची 'गलती से' जारी हुई थी और बाद में हटा ली गई। सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय सेना में ड्रोन, यूएएस (Unmanned Aerial Systems) और काउंटर-यूएएस क्षमताओं के तेजी से इंटीग्रेशन को मजबूती दी। ड्रोन पहले से उपयोग में थे, लेकिन इस ऑपरेशन के चलते इन्फेंट्री और आर्टिलरी यूनिट्स में मानवरहित प्रणालियों को तेजी से ऑपरेशनल करना पड़ा। उन्होंने बताया कि कम समय-सीमा को देखते हुए सेना ने निगरानी, फोर्स एप्लीकेशन, एंटी-रेडिएशन मिशन, जैमिंग और लोइटरिंग म्यूनिशन के लिए यूनिट्स को रीस्ट्रक्चर किया। इन्फेंट्री बटालियन स्तर पर नए स्ट्रक्चर बनाए गए, जिनमें 'अश्विनी प्लाटून' शामिल हैं, जबकि स्पेशल फोर्सेज और नियमित इन्फेंट्री के बीच की खाई पाटने के लिए 13 भैरव लाइट कमांडो बटालियन ऑपरेशनल की जा चुकी हैं।

## गुरुद्वारा लंगर के गजरेले से तबीयत खराब, 510 घरों का सर्वे



लुधियाना, यूटर्न, 15 जनवरी। गांव अयाली कलां स्थित गुरुद्वारा श्री थड़ा साहिब में मकर संक्रांति के अवसर पर बांटे गए गजरेले को खाने से करीब 50 लोगों की तबीयत बिगड़ गई। बुधवार को प्रसाद ग्रहण करने के कुछ समय बाद लोगों को उल्टी, दस्त और चक्कर आने की शिकायत हुई, जिसके बाद उन्हें अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सभी मरीजों का इलाज किया गया और उनकी हालत में सुधार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन लुधियाना के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव अयाली कलां पहुंची और मौके पर जांच की। सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गजरेला सुबह ताजा बनाया गया था और दो बार लंगर में परोसा गया। बताया गया कि दूसरी बार परोसे गए गजरेले को खाने के बाद ही लोगों की तबीयत खराब हुई। स्वास्थ्य विभाग ने एहतियात के तौर पर इलाके के 510 घरों का डोर-टू-डोर सर्वे कराया, जिसमें कुछ अन्य लोगों में भी फूड पॉइजनिंग जैसे लक्षण पाए गए। हालांकि स्थिति फिलहाल पूरी तरह नियंत्रण में है। जांच के तहत उस हलवाई की दुकान से घी और खोये के सैंपल लिए गए हैं, जहां से गजरेला तैयार किया गया था। ये सैंपल लैब में भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे बढ़ता प्रवासी जमावड़ा बना सुरक्षा चुनौती

## नगर परिषद की शिकायत के बावजूद पुलिस की कार्रवाई शून्य

जीरकपुर, यूटर्न, 15 जनवरी। जीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे प्रवासी लोगों का लगातार बढ़ता जमावड़ा अब शहर की कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि बार-बार शिकायतों और नगर परिषद द्वारा लिखित रूप से अवगत कराए जाने के बावजूद पुलिस की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे बड़ी संख्या में प्रवासी अस्थायी रूप से डेरा जमाए हुए हैं। नगर परिषद द्वारा अस्थायी रूप से लगाए गए टेंटों को भी प्रवासियों द्वारा नुकसान पहुंचाने के आरोप सामने आए हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को क्षति पहुंची है और इलाके में



अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है।

नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी ने इस मामले को गंभीर मानते हुए थाना प्रभारी जीरकपुर को प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। इसके बावजूद न तो पुलिस ने कोई जांच शुरू की और न ही मौके पर कोई प्रभावी कदम उठाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फ्लाईओवर के नीचे बैठे अधिकांश लोग किसी प्रकार का श्रम कार्य नहीं करते, बल्कि भीख मांगकर अपना गुजारा कर रहे हैं। सबसे गंभीर चिंता का विषय यह है कि कुछ प्रवासियों के पास एक से अधिक आधार कार्ड पाए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति के पास तीन से चार आधार कार्ड मौजूद हैं, जिससे उनकी वास्तविक पहचान और पृष्ठभूमि पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह स्थिति सुरक्षा एजेंसियों के लिए भी चिंता का विषय बनती जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और पुलिस ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में कोई बड़ी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर परिषद ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए करीब एक सप्ताह पहले पुलिस को लिखित रूप से अवगत करा दिया था, लेकिन पुलिस की निष्क्रियता के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### थाना प्रभारी नहीं उठाते फोन

इस मामले में थाना प्रभारी जीरकपुर से उनका पक्ष जानने के लिए कई बार संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और पुलिस शहर की सुरक्षा को लेकर कब जागते हैं और कब कोई ठोस कार्रवाई की जाती है।

# कस्बा जेजो दोआबा में युद्ध नशियां विरुद्ध मुहिम के अंतर्गत ए एस आई मन्ना सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली गई






दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर, यूटर्न, 15 जनवरी। जिला होशियारपुर के कस्बा जेजो दोआबा में अपने उच्च अधिकारियों के दिशा निदेशों पर पंजाब सरकार की युद्ध नशियां विरुद्ध मुहिम के अंतर्गत पुलिस चौकी के प्रभारी ए एस आई मन्ना सिंह की ओर से अपनी पुलिस पार्टी और क्षेत्र के प्रमुख लोगों के सहयोग से कस्बे के विभिन्न स्थानों पर जाकर नशों से बचने के लिए जागरूक किया ए एस आई मन्ना सिंह ने बताया के सरकार की उपरोक्त योजना के अंतर्गत कस्बे में नशों से बचने और दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए एक रैली निकाली जिस में स्कूल के छात्रों की ओर से अपने हाथों में विभिन्न तरह के स्लोगन लिखित तख्तियां पकड़े हुए बाजार के दुकानदारों और अन्य पब्लिक स्थानों पर जाकर का जागरूक किया उन्होंने बताया के हमारे युवा वर्ग नशों में ग्रस्त होकर अपनी जवानी बर्बाद कर रहे थे सरकार किया ओर से नौजवानों को नशों से बचाने और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुरू की गई युद्ध नशियां विरुद्ध मुहिम चलाई जिसे करीब अभी 9 माह होने लगे है और यह मुहिम काफी सार्थक हो रही है बहुत सारे बच्चे नशे छोड़ कर अपने अपने काम खोलने लगे है और सरकार भी धन्यवाद कर रहे है जो किसी न किसी मजबूरी ,परेशानी या फिर बुरी सोसाइटी कारण नशों में फंस गए थे बह अभी पुलिस और अपने माता पिता के प्रयासों से नशों से रहित होकर अपना बढ़िया जीवन बिताने लगे।

# ठेका मुलाजिम यूनियन पीएसपीसीएल ने किया तीखे संघर्ष का एलान

जीरकपुर, यूटर्न, 15 जनवरी। ठेका मुलाजिम यूनियन पीएसपीसीएल की ओर से संघर्ष को तेज करने का एलान किया गया है। इसी कड़ी में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) की कॉल पर 16 जनवरी 2026 को डीसी कार्यालय मोहाली का घेराव किया जाएगा। यह जानकारी मोहाली सर्कल सचिव एकम सिद्धू ने प्रेस से बातचीत के दौरान दी।

उन्होंने बताया कि राज्य प्रधान बलिहारी सिंह जीरकपुर पहुंचे, जहां उन्होंने ठेका कर्मचारियों के साथ बैठक कर आगामी संघर्ष कार्यक्रमों की जानकारी दी। एकम सिद्धू ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर नया बिजली संशोधन कानून लागू करने जा



रही है, जिससे पूरे पंजाब को भारी नुकसान होगा। इस कानून के जरिए सरकारी संस्थानों का केंद्रीकरण कर उन्हें निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब की करीब 90 संगठनों ने संयुक्त बैठक कर बिजली विभाग को बचाने और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग को लेकर एक साझा मांग पत्र तैयार किया है। यह मांग पत्र 16 जनवरी को डीसी कार्यालय मोहाली में धरना देने के बाद सौंपा जाएगा।

इस मौके पर बलिहारी सिंह, अमनिंदर सिंह और गुरमीत सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को सरकार की नीतियों से अवगत कराना और आने वाले संघर्षों की रूपरेखा तय करना था। उन्होंने बताया कि 20 जनवरी 2026 को वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के पुतले फूंके जाएंगे, जबकि 24 जनवरी 2026 को दिर्बा की दाना मंडी में परिवारों और बच्चों के साथ संयुक्त मोर्चे के बैनर तले धरना दिया जाएगा।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सरकार ने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का वादा किया था, लेकिन अब सरकारी संस्थानों के निजीकरण की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता और कृषि बीज बिल, लेबर कोड तथा बिजली संशोधन बिल 2025 को रद्द नहीं किया जाता, तब तक जनजागरूकता कार्यक्रम और धरने जारी रहेंगे। इस अवसर पर जोरावर सिंह, सुखविंदर सिंह, रोहित कुमार, गुरतेज सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



Pragya Jaiswal

Uturn Time 16 Jan 2026_Layout 2 15-01-2026 23:20 Page 8



## पार्षद ने ए.के.एस-2 और शिवालिक विहार क्षेत्र में आ रही सिवरेज ओवरफ्लो की समस्या का करवाया स्थायी समाधान





जीरकपुर, यूटर्न, 15 जनवरी। वार्ड क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सिवरेज ओवरफ्लो की समस्या से परेशान लोगों को आखिरकार बड़ी राहत मिली है। शिकायत मिलने के तुरंत बाद पवन नेहरू स्वयं मौके पर पहुंचे और संबंधित विभाग के सहयोग से सिवरेज लाइन को खुलवाया गया। जांच के दौरान सामने आया कि ए.के.एस-2, अमूल वाली गली और शिवालिक बिहार इलाके में सिवरेज लाइन तीन से चार स्थानों पर बंद थी, जिसकी वजह से गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सिवरेज लाइन खुलते ही हालात सामान्य हो गए। इस मौके पर वार्ड वासियों ने पार्षद रेणु पवन नेहरू का आभार जताया और कहा कि उनकी तत्परता से एक बड़ी समस्या का समाधान संभव हो पाया। वहीं पवन नेहरू ने लोगों को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी जनता की हर समस्या के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

## सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम ने सदस्य राजपाल जैन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के सदस्य राजपाल जैन, अणुव्रत समिति जगरांव के अध्यक्ष, वित्त सचिव जैन तेरा पंथ सभा जगरांव और भाजपा जिला लुधियाना के सदस्य का 63वां जन्मदिन सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की बिल्डिंग में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष मदन लाल बंसल और सभी सदस्यों ने केक काटकर राजपाल जैन का जन्मदिन मनाया और राजपाल जैन को तोहफा दिया गया। इस मौके पर सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के अध्यक्ष मदन लाल बंसल, सचिव शशि भूषण जैन, अमृत लाल गोयल उपाध्यक्ष, ललित अग्रवाल पीआरओ, संरक्षक पीसी गर्ग, कैप्टन नरेश वर्मा, हरदीप जस्सी, नरेश झांजी, अरुण कुमार, कुलभूषण गुप्ता, चंदन मोहन ओहरी, प्रमोद शर्मा, सुनील बजाज, जवाहर लाल, राकेश जैन, सुभाष ग्रोवर, राज कुमार, जायसवाल, भूषण बंसल, अशोक कुमार, सरदार गुरप्रीत सिंह, जगदीश, पाल मेहता ने राज्यपाल जैन को सम्मानित किया।

# तहसीलदार मनमानी की वजह से रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए लोग हो रहे हैं परेशान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/जनवरी। हालांकि पंजाब सरकार ने लोगों को सुविधा देने के लिए तहसील में हफ्ते में पांच दिन पूरी तरह ट्रांसपेरेंट तरीके से रजिस्ट्रेशन लागू किया है और अगर किसी तहसीलदार या नायब तहसीलदार की मौजूदगी ठीक नहीं है, तो वहां हल्का कानूनगो या सुपरिटेंडेंट की ड्यूटी लगाकर लोगों का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। लेकिन पंजाब सरकार के इन नियमों को जगरांव तहसील में ऑफिशियल नहीं माना जाता और यहां कई बार अगर तहसीलदार या नायब तहसीलदार फरलों पर होते हैं, और ना ही किसी दूसरे अधिकारी को रजिस्ट्रेशन करने की इजाजत नहीं होती। आज भी देखने को मिला कि तहसीलदार वरिंदर भाटिया के छुट्टी पर होने की वजह से नायब तहसीलदार पुष्पिंदर सिंघला को डीड वगैरह रजिस्टर करने थे, लेकिन उन्होंने पहले ही तहसील के डीड राइटर और वकीलों को मैसेज भेजकर कह दिया था कि




आज कोई भी अपॉइंटमेंट ना ले क्योंकि आज रजिस्ट्रेशन नहीं होंगे।

लोगों गुस्सा मे: अपनी जमीन की डीड रजिस्टर करवाने आए कई लोगों ने अपने बयान में कहा कि जमीन की डीड रजिस्टर करवाने के लिए सरकार के नए नियमों से वे पूरी तरह परेशान हो गए हैं। क्योंकि पहले तो 48 घंटे की अप्रूवल का झंझट होता है और जब अप्रूवल पास हो जाता है, तो अपॉइंटमेंट लेकर जमीन की डीड रजिस्टर करवाई जाती हैं। लेकिन यहां भी ब्यूरोक्रेसी की मनमानी चलती है और जिस दिन अधिकारी फाइनल करते हैं, उसी दिन जमीन की डीड रजिस्टर करवाई जाती हैं। अपनी जमीन की डीड रजिस्टर करवाने आए लोगों में रमेश कुमार, महेंद्र पाल, धर्मपाल, कुलवंत सिंह और विद्यावती ने अपनी जमीन की डीड रजिस्टर करवाने में आ रही परेशानियों के बारे में बताया।

क्या कहते हैं नायब तहसीलदार: जब जगरांव तहसील के नायब तहसीलदार पुष्पिंदर सिंघला से आज जमीन की डीड रजिस्टर न होने के बारे में बात की, तो उन्होंने कहा कि वे एक मीटिंग की तैयारी कर रहे हैं। जिस वजह से आज जमीन की डीड रजिस्टर नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज की मीटिंग की पहले से ही डीड राइटर और वकीलों को जानकारी दे दी थी, ताकि जनता को कोई परेशानी न हो।

# सेक्टर-26 पैरी मर्डर केस में बड़ा अपडेट: शूटर प्रोडक्शन वारंट पर चंडीगढ़ लाए गए, 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। सेक्टर-26 में एक दिसंबर 2025 को हुए चर्चित इंद्रजीत सिंह उर्फ पैरी हत्याकांड की जांच ने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। इस मामले में शामिल शूटरों और उनके सहयोगियों को दिल्ली की तिहाड़ जेल और अंबाला जेल से प्रोडक्शन वारंट पर चंडीगढ़ लाया गया है। जिला अदालत में पेशी के बाद कोर्ट ने आरोपियों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रोडक्शन वारंट के तहत पंचकूला पिंजौर निवासी पीयूष पिपलानी, अमृतसर निवासी कुंवरबीर, फरीदकोट निवासी गोपाल और शिवम को चंडीगढ़ लाया गया है। अब रिमांड के दौरान पुलिस इनसे हत्या की पूरी साजिश, हथियारों की सप्लाई, फंडिंग चैनल और गैंग



Perry



Piyush piplani aropi



नेटवर्क की परतें खोलने की तैयारी में है। जांच में सामने आया है कि पैरी हत्याकांड को अंजाम देने में पीयूष पिपलानी और पंचकूला निवासी अंकुश ने बतौर मुख्य शूटर भूमिका निभाई थी, जबकि कुंवरबीर ने वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी चलाई। अन्य आरोपियों पर लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं, जिनमें हथियारों की व्यवस्था, मोबाइल फोन और सिम कार्ड उपलब्ध कराना और शूटरों को सुरक्षित ठिकाने देना शामिल है।

**तीन आरोपी अभी बाकी, जल्द लाए जाएंगे चंडीगढ़...**पुलिस ने बताया कि इस केस में तीन और आरोपी अभी अलग-अलग जेलों में बंद हैं, जिन्हें भी जल्द प्रोडक्शन वारंट पर चंडीगढ़ लाया जाएगा। इनमें पंचकूला निवासी अंकुश, नारायणगढ़ निवासी लवप्रीत सिंह और तरनतारन निवासी संतोख उर्फ कपिल खत्री शामिल हैं।

**लारेंस गैंग से कनेक्शन, सोशल मीडिया पर ली गई थी जिम्मेदारी...**दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में गिरफ्तारी के दौरान चार पिस्टल बरामद की थीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी आरोपी कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के करीबी सहयोगी हैरी बाक्सर और आरजू बिश्नोई के संपर्क में थे। हत्या के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लॉरेंस ग्रुप की ओर से इस वारदात की जिम्मेदारी भी ली गई थी।

**पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसने की तैयारी...**पुलिस का दावा है कि रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर इस हत्याकांड से जुड़े पूरे नेटवर्क, साजिशकर्ताओं और फाइनेंसरों की पहचान की जाएगी। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## पंजाब को मिली नई मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अनिंदिता मित्रा संभालेंगी चुनावी कमान

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 जनवरी। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रशासनिक फेरबदल के तहत 2007 बैच की आईएएस अधिकारी अनिंदिता मित्रा को पंजाब का नया मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वह सिबिन सी. की जगह यह जिम्मेदारी संभालेंगी, जो अब केंद्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। आयोग का मानना है कि यह नियुक्ति राज्य में चुनावी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। अनिंदिता मित्रा इससे पहले राज्य और केंद्र स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदों पर



कार्य कर चुकी हैं। प्रशासनिक मामलों में उनकी मजबूत पकड़, पारदर्शी कार्यशैली और निष्पक्ष निर्णयों के लिए उन्हें जाना जाता है। निर्वाचन आयोग को भरोसा है कि उनके नेतृत्व में पंजाब में होने वाले आगामी चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप संपन्न कराए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, अनिंदिता मित्रा चुनावी प्रक्रियाओं में तकनीकी दक्षता, मतदाता सुविधा और पारदर्शिता को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर देंगी। मतदाता जागरूकता, मतदान प्रतिशत बढ़ाने और चुनावी मशीनरी की प्रभावी तैनाती उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहने की उम्मीद है। उधर, निवर्तमान मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी. का कार्यकाल भी उपलब्धियों से भरा रहा।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372